अत्यन्त महत्वपूर्ण

प्रेषक

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद ।

सेवा में,

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य
समस्त शासकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन
उ0मा0वि0/इन्टर कालिज, जनपद गाजियाबाद।

पत्रॉक/परीक्षा/ 8560–64 /2019–20 दिनॉक 17-10-19

विषयः– विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी ज्ञान को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपर्युक्त विषयक सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ने अपने पत्रॉक/मा0शि0प0/शोध–11/85–89 दिनॉक 13–9–2019 द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली के पत्रॉक/संख्या/एनआईएस/डीआईआर/लेटर्स/2019(16) दिनॉक 05–8–2019 जो **CSIR** द्वारा संचालित **KAMP (Knowledge and Awereness Mapping Platform)**कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा–5 से 12 तक के छात्र/छात्राओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी ज्ञान को प्रोत्साहित करने से संबंधित है, के द्वारा अवगत कराया गया है कि **KAMP** का मुख्य उददेश्य छात्र/छात्राओं की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रकृति को पहचानना एवं उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा मानविकी क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व कर सके, के संबंध में विद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अस्तु उक्त के अनुक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया उपरोक्त विषयक विस्तृत जानकारी संबंधित वेबसाइट **http://KAMP.nistads.res.in** से अपलोड/प्राप्त कर अपने विद्यालय के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अवगत कराते हुए उक्त विषय पर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त आपको यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत एक परीक्षा का आयोजन किया जाना है। तथा परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। अतएवं आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है, जिससे छात्र/छात्राओं के अन्दर छुपी प्रतिभा को सम्मान प्राप्त हो सके। किसी भी असुविधा होने पर कृपया हेल्प लाइन नम्बर 08448807602 पर सम्पर्क करें।

संलग्नः–उक्तवत पत्रों की प्रति एवं निर्देशिका पत्र की प्रति

भवदीय

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद

पृ0सं0/परीक्षा/ /2019–20 दिनॉक

प्रतिलिपि, निम्नलिखित अधिकारीयों की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– जिलाधिकारी, गाजियाबाद।
2– सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0, प्रयागराज ।
3– क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ ।
4– संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रथम मण्डल मेरठ।

जिला विद्यालय निरीक्षक,
गाजियाबाद ।

Scanned by CamScanner